# कार्यालयः प्रधानाचार्य डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज उ0प्र0| Phone No:-05694-297001

**Website: www.gmckannauj.in E-Mail: kannaujmedicalcollege@gmail.com**


पत्रांकःअधि0/छात्रसेल/2025/

दिनांक 1/07/2025

## -सेवायोजन सूचना-

उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र संख्या-148/71-1-24/71-1001/804/2020 दिनांक 14 जून,2024 व पत्र संख्या-I/868657/2025/71-1005(001)/20/2021 पार्ट-1 दिनांक 03.02.2025 एवं पत्र संख्या-I/889183/2025/71-1005(001)/20/2021 पार्ट-1 दिनांक 24.02.2025 के अनुपालन में कालेज आफ नर्सिंग डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,कन्नौज में संचालित कालेज आफ नर्सिंग में निम्नलिखित नर्सिंग संवर्ग के शैक्षणिक रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे/नियुक्ति किये जाने हेतु साक्षात्कार (वाक-इन-इन्टरव्यू) उपरांत चयन की कार्यवाही की जानी है। चयन हेतु साक्षात्कार की कार्यवाही **दिनांक 21.07.2025** (दिन सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 04 बजे के मध्य प्रधानाचार्य कार्यालय (प्रशासनिक भवन) मेडिकल कालेज, कन्नौज में सम्पन्न की जानी है। पदों का संदर्भित विवरण निम्नवत् हैः-

### रिक्त पदों का विवरण

| College of Nursing Dr. B.R.A. GMC Kannauj (U.P.) | Principal cum Professor | | | | Assistant Professor | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | UR | OBC | SC | EWS | UR | OBC | SC | EWS |
| | 01 | - | - | - | 01 | - | 01 | - |

उक्त रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन की प्रक्रिया चयन समिति की संस्तुति के आधार पर पूर्ण की जायेगी। रिक्त पदों पर समय-समय पर आरक्षण हेतु जारी शासनादेशों का अनुपालन किया गया है। पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

### उक्त पदों की शैक्षणिक अर्हता/अनुभव

| S.No | Post Name | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1 | Principal cum Professor | **Essential Qualification: M.Sc. (Nursing)<br>Experience: M.Sc. (Nursing) having total 15 years' experience with M.Sc. (Nursing) out of which 10 years after M.Sc. (Nursing) in collegiate program.<br>Ph.D. (Nursing) is desirable** |
| 2 | Assistant Professor | **Essential Qualification: M.Sc. (Nursing)<br>Experience: M.Sc. (Nursing) with total 3 years teaching experience<br>Ph.D. (Nursing) desirable.** |

**नोटः-**

**सभी पदों पर अधिकतम आयु 68 वर्ष निर्धारित की गयी है।**

**संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत हैः-**

1- संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को शासनादेश सं0-57/2022/I/156557/2022/71-1005(001)/20/2021 दिनांक 15 अप्रैल, 2022 में निर्धारित शर्तें एवं प्रतिबंध लागू होगें।

2- वेतन के संबंध में समय-समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते, बोनस एवं प्रेंशन संबंधी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा।

3- नर्सिंग शिक्षकगण स्थानांतरित नहीं किए जायेंगे।

4- संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले शिक्षकगण यथा प्रिंसिपल कम प्रोफेसर को रू0-1,40,000.00 वाईस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर को रू0-1,20,000.00, प्रोफेसर को रू0-1,00000.00, एसोसिएट प्रोफेसर को रू0-80,000.00, असिस्टेण्ट प्रोफेसर को रू0-70,000.00 तथा ट्यूटर को रू0-45,000.00 का नियत मानदेय प्रतिमाह प्रदान किया जायेग।

5- संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को वही मानदेय प्रदान किया जाएगा जो शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।

6- नर्सिंग शिक्षकों की कार्य दिवस में 08 घण्टे की ड्यूटी होगी, किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर उस दिवस के वेतन की धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।

7- संविदा कार्मिकों को आकस्मिक अवकाश/चिकित्सा अवकाश वर्ष में अधिकतम 14 तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात देय होगा।

प्रधानाचार्य
डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर

8- महिला संविदा कर्मियों को मैटरनिटी लीव, मैटरनिटी बेनीफिट एक्ट 1961 के तहत 180 दिन का अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।

9- यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यिूटी से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

10- नर्सिंग शिक्षकों का संविदा कार्यकाल 02 वर्ष का होगा। सेवा संतोषजनक होने और आवश्यकता होने पर कार्य एवं आचरण संबंधित कोई प्रतिकूल तथ्य न हो, जो इनका कार्यकाल बढ़ाये जाने में बाधक हो एवं संबंधित से प्रमाण-पत्र प्राप्त करते हुए कि इनके विरूद्ध मा0 न्यायालय में कोई अपराधिक वाद नही है के आधार पर कार्यकाल सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत 01 वर्ष हेतु बढाया जा सकेगा।

11- सेवा संतोष जनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

12- संविदा छोड़ने की स्थिति में कर्मी को एक माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का मानदेय जमा करना होगा।

13- संविदा कर्मी की सेवाएं सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने पर Last Come First Go के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।

14- साक्षात्कार के समय समस्त वांछित मूल अभिलेख तथा उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीन फोटो अवश्य लाये।

15 - साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

16- सरकार/आई0एन0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही शैक्षणिक अनुभव मान्य होगा।

17- आर्थिक रूप से कमजोर (ई0डब्लू0एस0) प्रमाण-पत्र वितीय वर्ष 2024-25 के लिए मान्य ही स्वीकार होगा।

18- अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) प्रमाण-पत्र साक्षात्कार तिथि से छः माह पूर्व का ही मान्य होगा।

19- उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 सरकार के अद्यावधिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा।

20- संविदा पर चयनित नर्सिंग शिक्षक भविष्य में विनियमितीकरण/स्थायीकरण के लिए हकदार नहीं होगें।

21- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी इस आशय का घोषणा/शपथ पत्र प्रस्तुत करेगे कि 'उनके विरुद्ध माननीय न्यायालय में कोई अपराधिक वाद प्रचलित नहीं है और यदि उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल तथ्या पाया जाता है तो उनकी सेवाये तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगीं'।

22- अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से संबंधित पद हेतु अपने शैक्षणिक योग्यता/अन्य प्रमाण-पत्रों को वाक-इन-इन्टरव्यू से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में जमा करा दें।

**प्रधानाचार्य**
डा0भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

पत्रांकः अधि0/छात्रसेल/2025/ 6880-88 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- प्रमुख सचिव महोदय, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

2- महानिदेशक महोदया, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

3- कुल सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी, चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ/के0जी0एम0यू0 लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई इटावा।

4- प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज- कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, झासी, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा, बदायू।

5- प्रधानाचार्य कालेज आफ नर्सिंग, कानपुर।

6- प्रधानाचार्य कालेज आफ नर्सिंग डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

7- प्रभारी अधिकारी वेबसाइट, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

8- संबंधित अधिकारीगण, चयन समिति।

9- मेडिकल कालेज, कन्नौज के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

**प्रधानाचार्य**
डा0भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।